तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 24 जुलाई 2025

14 कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़


12 सेल में बढ़ रहा ग्रेन डेन, बीएसपी में अधिकारियों..




## खबर संक्षेप

### वन विभाग ने पकड़ा कीमती लकड़ियों से भरा ट्रक

**बालोद।** वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए कीमती लकड़ियों से भरा एक ट्रक को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा यह कार्रवाई रानीमाई के पास की गई, जहां एक ट्रक को पकड़ने में वन विभाग की टीम को सफलता मिली। ट्रक में साजा व अन्य बहुमूल्य लकड़ीया थी, जिसे विभाग द्वारा जब्त कर लिया है।

### हादसे में घायल युवक का इलाज के दौरान मौत

**बालोद।** बाईक के माध्यम से जा रहे दो युवक हादसे का शिकार हो गए और हादसे का शिकार होने के बाद एक युवक का ईलाज के दौरान मौत हो गया व एक अन्य युवक घायल हो गया। जिसका ईलाज जारी है घायल युवक यह बता नही पा रहा है कि बाईक की टक्कर किससे हुई जिससे यह बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्रमा गोड़री व अमोरा के बीच शमशान घाट के बीच की यह घटना बताई जा रही है। जहां बालोद थाने मे अज्ञात चालक के खिलाफ धारा 106, 125 (ए) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पोशण कुमार यादव ने पुलिस को जानकारी दी किघनश्याम साहू और वह ग्राम परेंगुड़ा गए थे। वहां से दोनो ग्राम हल्दी आ रहे थे। इस दौरान ग्राम गोड़री शमशान घाट के पास किसी अज्ञात वाहन से टकरा गए। जिससे मै मौके पर ही बेहोश हो गया।

### सार्वजनिक जगह में शराब पीने वाले के खिलाफ पुलिस ने की कार्यवाई

**बालोद।** ग्राम फरदफोड़ पुलिया के पास सार्वजनिक जगह में शराब सेवन कर गाली गलौज से आम लोगों को हो रही दिक्कतो की शिकायत मिलने पर गाली गलौज करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना देवरी का वाहन देवरी की ओर रवाना हुआ था, तभी भरकापारा देवरी के पास मुखबीर से सूचना मिला कि फरदफोड पुलिया के पास आम जगह पर एक व्यक्ति शराब के नशे में मदमस्त हालत में इधर उधर घूम रहा हैं, जिसके कारण आम लोगों को परेशानी व असुविधा हो रहा हैं, जिसकी सूचना पर पुलिस फरदफोड पुलिया के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति शराब के नशे में आम जगह पर मदमस्त हालत में इधर उधर घूम रहा था, जिसके कारण आम लोगो को परेशानी और असुविधा हो रहा था, जिससे पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम ग्राम किसना थाना देवरी जिला बालोद निवासी जनक कुमार पटेल 42 वर्ष बताया जिसका चिकित्सा जांच सी.एच.सी. देवरी से कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा शराब सेवन करना बताए जाने पर आरोपी का कृत्य धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट का पाये जाने से विधिवत गिरफतार किया गया। मामला जमानतीय जुर्म होने से सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोडा गया, गवाहों का कथन लेखबध्द कर वापस स्टेशन आया। आरोपी के विरूध्द अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मारपीट कर दबंगई दिखाने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मारपीट कर दबंगई दिखाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि राजीव नगर जामुल निवासी सुनील प्रसाद के साथ रात को मोहल्ले में रहने वाले इन्द्रभान उर्फ इंदर घर के सामने गाली गलौज कर रहा था। पीड़ित के मना करने पर दबंगई दिखाते हुए मारपीट कर धमकी देने लगा। शिकायत पर जामुल पुलिस ने आरोपी इन्द्रभान का तलाश कर उसे पकडा गया। आरोपी राजीव नगर में घुमते पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# कुसुमकसा में खाद संकट, नाराज किसानों ने किया धरना प्रदर्शन और दिया अल्टीमेटम

## बुधवार को पहुंची 700 बोरी खाद किसानों ने बांटने से रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

आदिमजाति सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा में खाद की भारी किल्लत से नाराज किसानों ने बुधवार को शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शुक्रवार तक समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे पुनः उग्र आंदोलन करेंगे। किसानों ने बताया कि 17 जून को समिति में 700 बोरी यूरिया खाद आई थी, उसके बाद 23 जुलाई को शाम 4 बजे पुनः 700 बोरी खाद आई, जबकि समिति में कुल 2200 पंजीकृत किसान हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि धान की बोआई के एक महीने बाद खाद पहुंचना बेहद असमय है और यह मात्रा सिर्फ 200 से 300 किसानों के लिए ही पर्याप्त होगी। बाकी किसानों के लिए खाद नहीं होने के चलते असंतोष फैल गया है। धरना स्थल पर किसानों ने निर्णय लिया कि जब तक दो और ट्रक खाद समिति में नहीं पहुंचती, तब तक खाद का वितरण नहीं किया जाएगा। किसान डीएपी और यूरिया दोनों की किल्लत से जूझ रहे हैं। सहकारी समिति में खाद की अनुपलब्धता के कारण किसान मजबूरन निजी दुकानों से महंगे दामों में खाद खरीदने पर विवश हैं। जहां सहकारी समिति में डीएपी 1350 रुपये में मिलती है, वहीं निजी दुकानों में यह अधिक मूल्य पर खुलेआम बिक रही है, जिससे खाद की कालाबाजारी की आशंका प्रबल हो गई है।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान किसानों का गुस्सा समिति प्रबंधक पर फूट पड़ा। उन्होंने समिति में समय पर खाद उपलब्ध न कराने पर सरकार को किसान विरोधी बताते हुए नाराजगी जताई। धरने में मोहन सिंद्रामे, गणेश सेवता, शिवराम सिंद्रामे, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार, घनश्याम गुनेंद्र, राजू सिन्हा, कृष्णाराम बोगा, सोनू ध्रुव, जगन्नाथ सिवना, रोहित मसिया, पूनम सिन्हा, पुरषोत्तम रावते, आत्माराम, सरजुराम, भूषण नेताम, हरिश्चंद्र सहित सैकड़ों महिला-पुरुष किसान उपस्थित थे।



### सरकार की कृषि नीति विफल

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि सरकार की कृषि नीति की विफलता के चलते सहकारी समितियों में किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। यह एक योजनाबद्ध प्रयास प्रतीत होता है, ताकि किसानों को खाद न मिले, उत्पादन कम हो और सरकार को समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदना पड़े। उन्होंने शासन से तुरंत खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पुरानी रंजीश पर दिया घटना को अंजाम, दुकान का शटर गिराकर धारदार हथियार से किया वार

# दो युवकों ने च्वाइस सेंटर संचालक पर किया जानलेवा हमला, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा/बालोद



गुंडरदेही थाना अंतर्गत ग्राम डौकीडीह में आपसी रंजीश के चलते दो युवकों ने एक युवक पर धारदार हथियार से जमकर हमला किया। घटना में युवक बुरी तरह घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक युवक के दोनों पैर, दोनों हाथ, कमर व पेट में गंभीर चोटे लगी है। घटना सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे की है।

फिलहाल युवक का इलाज गुण्डरदेही के एक निजी अस्पताल में जारी है। वहीं गुण्डरदेही पुलिस मामले की जांच में जुटी है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक शशिकांत चंद्राकर 25 वर्ष रोज की तरह अपने च्वाइस सेंटर की दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान गांव के ही दो युवक लेखेंद्र साहू पिता मुकेश साहू 20 वर्ष और जतिन साहू पिता राजू साहू19 वर्ष फोटो कॉपी कराने का बहाना कर दुकान में घुसे और मौका पाते ही दुकान का शटर गिराकर शशिकांत पर धारदार हथियार से हमला कर दिया और फरार हो गए। फिलहाल गुण्डरदेही पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की पजासजी की जा रही है।

### कट मारने पर हुआ था विवाद

पुलिस के मुताबिक 18 जुलाई को लगभग शाम 7.30 बजे टिकेश साहू एवं मनीष साहू मोटरसाइकिल से निजी काम से जा रहे थे। इस बीच गांव के ही युवक शशिकांत चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, ऋषभ यादव, डोमेश यादव, टिकेश्वर यादव ने कट मारकर बाइक चलाते हो, कहकर डंडे और बांस के कमचिल एवं बैट से मारपीट कर दी। जिससे दोनों युवकों के हाथ पैर एवं सिर में चोटे आई थी। घटना के बाद पीड़ित परिजनों द्वारा गुण्डरदेही थाना में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। परंतु संतुष्टि जनक कार्रवाई नहीं होने से लेखेंद्र साहू एवं जतिन साहू ने शशिकांत चंद्राकर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। उक्त घटना के बाद दोनों परिवार में डर का माहौल बना हुआ है। अभी आरोपी फरहार हैं। गुण्डरदेही पुलिस जांच में जुटी हुई हैं।

# खाद्य एवं औषधि विभाग ने कॉस्मेटिक दुकानों की जांच कर लिए नमूने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में सोमवार 21 जुलाई को बालोद जिले के विभिन्न कॉस्मेटिक दुकानो का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच किया गया।

निरीक्षण दल द्वारा राज बैगल्स एवं फैसी स्टोर्स, नमो कलेक्शन, गोविन्द जनरल स्टोर्स एवं ओम आशापुरा इन्टरप्राजेस प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान दुकानो में उपलब्ध कॉस्मेटिक उत्पादों के अभिलेखों, खरीद रसीदों एवं निर्माता कम्पनी से संबंधित रिकार्ड की भी गहनता से जांच किया गया। जांच के दौरान स्क्रीन क्रीम एवं टाल्क पावडर दो प्रकार के कॉस्मेटिक उत्पादों के नमूने संकलित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह कार्यवाही का उद्देश्य उपभोक्ताओं तक मानक स्तर के सौदर्य प्रसाधन पहुंचाने एवं अवैध या निम्न गुणवत्ता के उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण करना है।

# 9 सौ ग्राम गांजा के साथ महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम पड़कीभाट के पास अवैध रूप से गांजा का ब्रिकी कर रही एक महिला को बालोद पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। बताया जा रहा है कि महिला दुर्ग की रहने वाली है जो बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम पड़कीभाट मे आकर तिराहा मे गांजा बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रही थी जिसकी जानकारी पर पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

बालोद पुलिस को मुखबीर द्वारा मोबाईल के माध्यम से सूचना मिली कि एक महिला अपने पास एक हल्का पीला रंग के थैला में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राम पड़कीभाट अटल चौक यादव होटल के पास बिक्री हेतु ग्राहक तलाश कर रही है। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्राम पड़कीमाट अटल चौक यादव होटल के पास पहुंच मुखबीर द्वारा बताये अनुसार एक महिला हल्का पीला रंग का कपड़ा का थैला लिये मिली। जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वह अपना नाम ग्राम थनौद वार्ड कमांक 05 थाना अंजोरा, जिला दुर्ग निवासी सरिता बाई



पारधी पति सुखी राम पारधी 40 वर्ष बतायी तथा अपने पास साथ रखे थैला में मादक पदार्थ गांजा होना जिसे बिक्री हेतु रखना बतायी।

तब संदेही महिला के पास रखे हल्का पीला रंग के कपड़े के थैले की तलाशी महिला आरक्षक के द्वारा लिये जाने पर थैले के अंदर एक झिल्ली में भूरे रंग के बीज एवं पत्ते जैसे पदार्थ भरा मिला। जिसमें से थोड़ा सा लेकर गवाहों से मसलकर, सूंघकर, देखकर पहचान कराने पर गवाहो द्वारा अपना अनुभव के आधार पर मादक पदार्थ गांजा होना बताया, जिसका पहचान पंचनामा तैयार किया गया। बाद महिला की तलाशी महिला आरक्षक के द्वारा लिये जाने पर उसके पास से एक भुरे रंग के लेडिस पर्स जिसके अंदर एक रियलमी कम्पनी का एन्ड्रायड मोबाईल जिसमें जियो कम्पनी का सिम, जिसका नम्बर एवं पर्स से 600 रूपये नगदी रकम मिला।


संदेही महिला को उनके कब्जे में गांजा रखने व बिक्री करने के संबंध में वैध व सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु गांजा रखने व ब्रिकी करने के संबंध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज नही होना लेख किये, उक्त बरामद गांजे का वजन 903 ग्राम कीमती करीब 9000 रूपये होना पाया गया। जिसके बाद आरोपियो के पास से मिले मादक पदार्थ गांजा वजन 903 ग्राम एवं एन्ड्रायड मोबाईल जिसमें जियो कम्पनी का सिम, जिसका नम्बर पुरानी इस्तेमाली कीमती 5000 रू. एवं पर्स से 600 रूपये नगदी रकम कुल 14600 रूपये प्राप्त किये गए। आरोपियां सरिता पारधी का — त्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) अंतर्गत दण्डनीय अपराध होना पाये जाने से उन्हें गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराकर विधिवत गिरफ्तार किया गया।

# नदी नहाने गए युवक को तीन लोगों ने पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सायकल के माध्यम से नदी घाट में नहाने गए युवक को तीन व्यक्ति ने पुरानी रंजीश का हवाला देकर मारपीट कर दिया। जिसके बाद ग्राम के अन्य लोगो के माध्यम से वहां घायल अवस्था मे पड़े छोटे भाई की जानकारी होने पर उसके बडे.भाई ने मौके पर पहुंचकर अपने छोटे भाई को अस्पताल पहुंचाया जहां युवक का ईलाज जारी है। जिसके बाद बड़े भाई ने छोटे भाई के साथ मारपीट करने वाले तीनो युवको के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवक के बड़े भाई ने पुलिस को जानकारी दी है कि वह ग्राम खैरा में रहता है। दोपहर वह अपने घर में था तभी गांव का डोमेन्द्र निषाद उर्फ छोटू, मनोज निषाद, कामेन्द्र सिन्हा उसके घर आकर बताये कि ग्राम खैरा के खरखरा नदी के पहले



■ हाथ-पैर में गंभीर जख्म, पीड़ित का इलाज जारी

शमशान घाट के पास उसके भाई चेतन को किसी ने मारपीट किया है जिसके कारण शमशान घाट के पास पडा है, जब वह अन्य लोगो के साथ मौके पर जाकर देखा तो चेतन के दोनो पैर में, दोनो हांथ में पीठ में साईड में तथा गाल में कई जगह चोंट का निशान था सिर में पीछे तरफ सुजन था, पुछने पर बताया कि वह नहाने खरखरा नदी घाट सायकल से आ रहा था कि दोपहर गांव के अंकालू सिन्हा, उसका बेटा यशवंत सिन्हा और दानेश्वर निषाद अचानक मेरा रास्ता रोककर तीनों पुराने किसी रंजिश को लेकर अकारण ही आज तुझे नही छोडेंगे जान से मारने की धमकी देते हुये तीनों हांथ मुक्का एवं लकडी से मारपीट किये हैं जिससे शरीर के हांथ, पैर, पीठ, सिर में चोंट लगा है। फिर वे तीनों छोटे भाई को गंभीर स्थिति में छोडकर वहां से भाग गये थे। चेतन कुमार को चोंट लगने से बोलने में तकलीफ हो रहा था। पास में चेतन का सायकल और नहाने का कपड़ा सायकल में रखा था। उसके साथ आये डोमेन्द्र निषाद ने 108 एंबुलेंस को फोन कर बुलाया, एंबुलेंस आने पर वहां उपस्थित लोग पवन निषाद, भोला निषाद गाडी में लेटाया और सीएचसी देवरी ले गया। सीएचसी देवरी से रिफर करने पर प्रायवेट वाहन से राजनांदगांव के अस्पताल में भतऍ कराया गंभीर स्थिति में ईलाज जारी है।

## एडवांस बुकिंग वाले राशि वापस लेने लगा रहे दुकान का चक्कार

**कम कीमत पर बेचने से आरोपी आए संदेह के दायरे में**

# फिर मिली 1900 बोरी नकली सीमेंट संदेहियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम मोहदीपाठ के गब्दी स्थित धाक फ्लाई ऐश व वैभव ट्रेडर्स में मिलावटी सीमेंट के मामले में अर्जुंदा पुलिस ने 4 दिन पहले फिर उसी जगह से बड़ी मात्र में 1900 बेग सीमेंट जब्त किया है। इससे पहले 550 से अधिक बैग मिलावटी सीमेंट जब्त किया जा चुका है। इस मामले में पुलिस पहले मुख्य आरोपी विजय चंद्र धाक व उसके कर्मचारी दीपेश देवांगन को जेल भेज चुकी है। वहीं इस बड़े रैकेट से जुड़े संदेहियों की कुंडली पुलिस खंगाल रही है।

विदित हो कि अर्जुन्दा पुलिस इस मामले में जमकर पसीना बहा रही है। अर्जुंदा क्षेत्र में कई



सीमेंट एजेंसी की दुकानें है, लेकिन आरोपी विजय चंद्र धाक द्वारा अंचल में लगातार भ्रमित कर कम रेट यानी अन्य दुकानों से 20 रुपए कम दाम पर दिए जाने के शक के घेरे में आने से जांच में आरोपी विजयचंद्र धाक के फ्लाई एस फैक्ट्री से पूर्व में तकरीबन 569 बेग सीमेंट पुलिस टीम व सीमेंट कंपनी के अधिकारियों ने जब्त किया। मुख्य आरोपी विजयचंद्र धाक के जेल जाने के बाद बीते 4 दिन पहले अर्जुन्दा पुलिस ने 1900 बेग सीमेंट जब्त किया। धाक के वैभव ट्रेडर्स मोहंदी पाठ में बीते कई महीनों से नकली सीमेंट का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा था, वहीं सवालिया निशान उठता है कि लोहे की छड़ भी मार्केट से कम दाम पर कैसे मिलती है। लाखों के लेन देन होने के बावजूद आज तक कैसे बचता रहा। अंचल के ग्रामीणों ने अपने घर बनाने नकली सीमेंट से घर बनाया है, जिसके कारण दहशत में है। हमारे घर की मजबूती कब तक रहेगी, कई लोग धाक के मोहंदी पाठ दुकान पर आकर मायूस लौट रहे हैं।

### अब ठगा महसूस कर रहे ग्राहक

जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा कि वैभव ट्रेडर्स के विजय चंद्र धाक सहित उसके कर्मचारी दीपेश देवांगन की गिरफ्तारी हो चुकी है। इस घाल मेल के तार में शामिल और लोगों की गिरफ्तारी जल्दी हो, इस गंभीर मामले की पुलिस अधीक्षक बालोद से शिकायत कर बारीकी से जांच की मांग करूंगा। गौर तलब हो कि नकली सीमेंट से कई लोगों ने घर बनाया, जिसके नकली सीमेंट लेने के कारण ग्राहक अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। वहीं कई ग्राहक सामान की एडवांस राशि लेने दुकान में रोज चक्कर लगा रहे हैं। वही उसकी पत्नी नंदनी धाक भी दुकान में नहीं है।

# दुकानदार व उसकी मां से मारपीट और गाली-गलौज आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज:बालोद

गांव–गांव मे जाकर डबल रोटी बेचकर व ग्राम के चौक मे पान ठेला दुकान का संचालन करने वाले युवक व उसकी माता के साथ एक युवक ने गाली गलौज कर दिया तथा गाली गलौज करने से मना करने पर दुकान संचालक युवक के साथ मारपीट कर दिया जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवक ने बालोद पुलिस को बताया कि वह ग्राम कलकसा मालीघोरी का निवासी है कक्षा आठवीं तक पढाई किया है। वह गांव–गांव में जाकर डबल रोटी (ब्रेड) बेचने का काम करता है। उसका गांव में कुकुरदेव मंदिर के सामने मेनरोड में पान–ठेला का दुकान है जिसे उसकी माता समारी बाई धनकर सम्भालती है। वह सुबह अपने दुकान में सामान लेकर पहुंचा था। उसी समय उसके दुकान में ग्राम मालीघोरी निवासी तारकेश्वर साहू उसकी मां को गाली गलौज कर रहा था जिसे उसके द्वारा मना करने पर उसको भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ हाथ–मुक्का से मारपीट किया है एवं उसके दुकान के अंदर में रखे खर्रा, गुटखा बनाने की लकड़ी से उसके नाक में मारने से उसके नाक में चोंट लगा है जिससे उसके नाक से खुन निकला है। उसे गाली गलौज सुनने में बहुत बुरा लगा। उक्त घटना को उसके माता एवं पिता झुमुकलाल धनकर देखे व सुने व बीच बचाव किये है।

# सड़क किनारे और नाले पर अतिक्रमण कर ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नेहरू नगर चौक पर नाली के ऊपर अवैध कब्जा, सुपेला मार्केट एवं आकाशगंगा मार्केट में प्रस्तावित पार्किंग स्थल से अवैध कब्जा, आकाशगंगा मार्केट के मोड़ पर चल रहे ठेले, होटल एवं गुपचुप वालों पर कार्रवाई की गई। इसके कारण यातायात एवं आवागमन बाधित हो रही थी। नेहरू नगर चौक पर नाली के ऊपर अवैध रूप से दुकान संचालित कर ताला चाबी निर्माता, गुमटी एवं ठेला द्वारा नाली जाम कर दिया था। अवैध दुकान संचालकों को बार-बार मना करने के बाद न मानने एवं प्राप्त शिकायत के आधार पर आज खाली कराया गया। इसी तरह सुपेला आकाशगंगा मार्केट के अंदर पार्किंग स्थल का निर्माण प्रस्तावित है। वहां अवैध ठेला स्थापित करके व्यापार किया जा रहा था, उसे हटाया गया। लक्ष्मी नगर सब्जी मंडी में भी पार्किंग स्थल प्रस्तावित है, जिसका निर्माण होना है। इससे पार्किंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## नेहरू नगर चौक के आसपास निगम ने चलाया अभियान, कब्जेधारियों को खदेड़ा



### कब्जा कर किया जा रहा था कारोबार निगम ने थमाया नोटिस

जानकारी के मुताबिक उक्त क्षेत्र में अवैध कब्जा करके व्यापार किया जा रहा था। निगम से इस मामले में शिकायत हुई। इसके बाद निगम अमला मौके पर पहुंचा। स्थल से कब्जा हटाकर जगह को रिक्त कराया गया। राजस्थानी व्यापारियों की मांग पर पार्किंग स्थल प्रस्तावित किया गया है, जिससे सड़क पर खड़ी हो रही गाड़ियों से निजात मिले। लोगों का आवागमन सुगम हो। कार्रवाई के दौरान अजय शुक्ला, प्रसन्न तिवारी तोड़फोड़ दस्ता, प्रभारी हरिओम गुप्ता विनोद शुक्ला नंदू सिन्हा इमान सिंह कन्नौज, खेमलाल, राजेंद्र कुमार सिंह विष्णु सोनी आदि उपस्थित थे।

### पहले भी दी जा चुकी है हिदायत फिर भी कब्जा

अधिकारियों ने बताया कि कब्जेधारियों को पहले भी हिदायत दी गई थी, लेकिन उनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद मंगलवार को निगम के तोड़दस्ता ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटाने की कार्रवाई की। मुख्य रूप से ठेला-खोमचे वालों को मौके से हटाया गया। दोबारा कब्जा करने पर जुर्माना कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बता दें कि नेहरूनगर जोन कार्यालय द्वारा हर मंगलवार कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### शहर के गार्डनों में चलेगा पौधारोपण अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र के उद्यानों की साफ-सफाई कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानों को हरा-भरा रखने गाजर घांस, अनावश्यक फैले शाखाओं की कटाई-छटाई कराया जा रहा है। जिससे उद्यानों के रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा सके। उद्यान विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट/नियमित कर्मचारी उद्यान अधिकारी एवं सहायक उद्यान अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे है। बरसात के दिनों में पर्यावरण के अनुकूल एवं प्रजातिवार पौधे रोपित किया जा रहा है। डिवाइडरो में भी शोभायमान एवं फूलदार पौधे लगाए जा रहे है, जिससे शहर की सुन्दरता को बरकरार रखा जा सके। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के समाजसेवी संस्थाओ, समितियों एवं आम नागरिको से अपील किए है कि उद्यान विभाग के नर्सरी में पौधे उपलब्ध है। अधिकारी के नाम से आवेदन कर पौधे प्राप्त कर सकते है और अपने घरो, गली-मोहल्लो जहां भी रिक्त स्थल है, वहां पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा स्वयं के देखरेख में कर सकते है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए यह बहुत ही अच्छा मौका है, पर्यावरण से जुड़कर कार्य करें और हरियाली बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### महारत्न की अन्य कंपनियों से वेतन है कम, चुनौतियां अधिक


# सेल में बढ़ रहा ग्रेन डेन, बीएसपी में अधिकारियों का पलायन सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के अधिकारियों को अन्य पीएसयू से कम वेतन होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कम वेतन के कारण सेल के अधिकारी अन्य कंपनियों में पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र से नौकरी छोड़कर जाने वालों की तादाद सेल में सर्वाधिक है।

उल्लेखनीय है कि सेल सहित दर्जनभर से अधिक सार्वजनिक उपक्रमों को भारत सरकार ने महारत्न का तमगा दे रखा है। लेकिन वेतन को लेकर सेल के साथ भेदभाव किया जा रहा है। गेल,भेल, ओएनजीसी आदि सार्वजनिक महारत्न कंपनियों की तुलना में सेल में कार्मिकों और अधिकारियों को वेतन व सुविधाएं कम हैं। अधिकारी संगठनों द्वारा पिछले कई सालों से पीएम व इस्पात मंत्री से लेकर सेल चेयरमेन से वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग की जा रही है लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिए गया है। इसका चौतरफा नुकसान हो रहा है। सबसे बड़ा नुकसान ग्रेनडेन का है। यानी कम वेतन के चलते सेल से क्रीम प्रतिभाओं का पलायन बढ़ रहा है। पिछले दस साल के दौरान सेल के दो से तीन हजार अधिकारी व डिप्लोमा इंजीनियर आदि नौकरी छोड़कर अन्य महारत्न या मल्टीनेशनल कंपनियों में ज्वाइन कर चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा करीबन दो सौ से अधिक अधिकारी व डिप्लोमा इंजीनियर बीएसपी के हैं। कम वेतन की उपेक्षा झेल रहे अधिकारियों को अन्य महारत्न कंपनियों की अधिक सेलरी और सुविधाएं इन्हें आकर्षित कर रही हैं। सेक्टर नौ हास्पिटल में डाक्टरों के जाने व ज्वाइन नहीं किए जाने की वजह कम वेतन है। बीएसपी ओए व सेफी चेयरमेन एनके बंछोर बताते हैं कि सेल मेंवर्ष 2003 के बाद अधिकारियों का पलायन का प्रतिशत कम हुआ है लेकिन अधिकारियों के मन में सरकार द्वारा चौथा पे रिवीजन कमेटी अब तक गठित नहीं किए जाने की बात है। वेतन बढ़ाने कमेटी जल्द गठित करने की जरुरत है।

### नहीं मिलता माइंस एलाउंस



### सेल में अफोर्डेबिलिटी क्लाज है ब्रेकर

सेल में अधिकारियों के वेतन स्ट्रक्चर को लेकर सरकार का नियम अफोर्डेबिलिटी क्लाज का है। इसके अनुसार लगातार तीन साल कंपनी के निर्धारित मानक के अनुरुप प्राफिट होने पर ही वेतन बढ़ाया जाएगा। पिछले कई साल से स्टील अथारिटी आफ इंडिया सेल इस स्थिति में नहीं पहुंच पाया है। 2021 में सेल में वेतन जरुरु बढ़ाया गया है लेकिन आज भी ओएनजीएसी( इंडियन आंयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन) और गेल ( गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) जैसी अन्य महारत्न कंपनियों से सेल में अधिकारियों का वेतन व सुविधाएं कम हैं।

### सुविधाएं कम चुनौतियां अधिक

सेल में वेतन सुविधाओं कम होने के अलावा चुनौतियां अधिक हैं। अधिकारियों व डिप्लोमा इंजीनियरों के नौकरी छोड़कर जाने की एक वजह यह भी है। रेगुलर डिप्लोमा इंजीनियर का वेतन मात्र 60 से 65 हजार है। जबकि अन्य में 75 हजार से अधिक है। फिर सेल में अधिकारियों के सामने चुनौतियां अधिक हैं। हार्ड वर्किंग होने के साथ प्रमोशन कवरेज भी कम हैं। आउटसोर्सिंग बढ़ने से निजीकरण की तलवार लटकने से जांब सिक्योरिटी कम है। मेडिक्लेम की विसंगित है। फेरो स्करेप निगम लि. का निजीकरण सामने हैं। बीएसपी राउरकेला आदि में मेडिकल सुविधा में गिरावट आई है। फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड का निजीकरण ताजा उदाहरण है।

### चौथा पे रिवीजन कमेटी गठित होने से बढ़ेगा मनोबल

"सेल में वर्ष 2021 में वेतनमान बढ़ने के बाद वेतन थोड़ा ठीक हुआ है लेकिन कुछ महारत्न कमंपनियों से अभी भी कम है। 2027 में चौथा पे रिवीजन होना है लेकिन अब तक सरकार ने पे रिवीजन कमेटी का गठन नहीं किया है। कमेटी जल्द गठित होने पर प्राफिट के हिसाब से वेतन बढ़ने से सेल कार्मिकों व अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा।

**एनकें बंछोर,**
अध्यक्ष , बीएसपी ओए व सेफी

# भिलाई निवास में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ हेड्स ऑफ मटेरियल्स मैनेजमेंट मीट पर होगा मंथन

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के विभिन्न संयंत्रों के सामग्री प्रबंधन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की तीन दिवसीय हेड्स ऑफ मटेरियल्स मैनेजमेंट (एचओएमएम) मीट एवं इन्वेंट्री मैनेजमेंट पर केंद्रित कार्यशाला मंगलवार से भिलाई भिलाई निवास में शुरू हुई । यह कार्यक्रम 24 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है । आयोजन बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया है।

तीन दिवसीय मीट का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक सेल कॉर्पोरेट कार्यालय एसजे अहमद और बीएसपी के कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक पी सुब्बा राव व केसी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में बर्नपुर, बोकारो स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट दुर्गापुर स्टील प्लांट और एलॉय स्टील प्लांट, दुर्गापुर; सलेम स्टेनलेस प्लांट; चंद्रपुर फेरो एलॉय प्लांट; भद्रावती स्थित वीआईएसएल; मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, रांची; सेल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली तथा बीएसपी के 25 वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

### क्रियाशील नीतियों का करेंगे निर्माण

श्री अहमद ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से हम उन मूलभूत प्रक्रियाओं, दिशानिर्देशों, चुनौतियों और अवसरों का मूल्यांकन करेंगे और व्यावहारिक और क्रियाशील नीतियों का निर्माण करेंगे, जिससे इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और अधिक विश्वसनीय, कुशल और सुदृढ़ बन सके।श्री चक्रवर्ती ने कहा कि यह मीट हमें ऐसे व्यावहारिक मुद्दों पर विचार करने और संयुक्त रणनीति विकसित करने का अवसर देती है। इससे हम इन्वेंट्री मैनेजमेंट की दक्षता को बढ़ा सकें। बाद सभी प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया और उन्हें कार्यशाला की रूपरेखा अनुसार तीन टीमों में विभाजित किया गया। संचालन महाप्रबंधक प्रभारी महेन्द्र कुमार कुलकर्णी ने किया व धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी सामग्री प्रबंधन विशेषकर मटेरियल्स मैनेजमेंट से जुड़ी विभिन्न नीतियों, इन्वेंट्री प्रबंधन की मानक प्रक्रियाओं, बजट नियंत्रण तथा नीतिगत ढांचे जैसे विषयों पर केंद्रित सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागी इन्वेंट्री प्रबंधन से संबंधित अंतरालों की पहचान कर सकेंगे और सेल की समग्र प्रणाली में आवश्यक सुधार के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करेंगे।

## लूटपाट करने वाले तीन युवक गिरफ्तार




**भिलाई।** मोबाइल लूटपाट करने वाले तीन युवक व एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम कोड़िया नंदिनी निवासी किशन निर्मलकर 20 जुलाई की शाम बाइक से पिताजी को लेने हथखोज भिलाई 3 जा रहा था। इस दौरान सुरडुंग रोड शासकीय स्कूल के पास पहुंचते ही बाइक सवार युवकों ने रोककर पीड़ित पर चाकू टिका दिया। पीड़ित से आरोपियों ने मोबाईल, पर्स से ढ़ाई हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने सूचना मिलते ही संदेहियों की तलाश में जुट गई। सीसी कैमरों को खंगालने पर हुलिया को पीड़ित ने पहचान लिया। मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही ग्राम खेरधा निवासी अरूण जोशी को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि अपने दोस्त ग्राम सुरडुंग रोशन देवांगन, भाठापारा खेरधा आशीष कुमार जोशी और एक अपचारी बालक के साथ मिलकर लूटपाट करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाईल, नगदी 10 हजार 500 रूपये जब्त किया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## दुर्घटना बीमा के नाम पर 13.97 लाख रुपए ठगने वाला डायरेक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्घटना बीमा के नाम पर 3500 रुपए जमा कराकर 3 साल में 35 लाख रुपए देने का झांसा देककर 13.97 लाख रुपए ठगने वाले टुलिप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर प्रकाश चंद जैन को पुलिस ने पकड़ा।



आरोपी एक अन्य मामले में भोपाल जेल में निरुद्ध था। दुर्ग पुलिस ने प्रोटक्शन वारंट के जरिए उसे लाया। उसे दुर्ग कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड में दिया गया है। छावनी पुलिस ने बताया कि टुलिप ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आरोपी प्रकाश चंद जैन ने दुर्घटना बीमा का लुभावना सपना दिखाकर निवेश करने पर ज्यादा लाभ मिलने का आश्वासन देकर प्रार्थी से 3500 रुपए लिए। उसने 3 वर्ष में 35 लाख रुपए मिलने की बात कही। 57 निवेशको से 13,97,000 रुपए वसूले गए। मामले में छावनी पुलिस ने 2016 में अपराध दर्ज किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 34 के तहत चिटफंड एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम 1978 की धारा 3, 4, 5 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपपी ने टुलिप ग्लोबल चिटफंड कम्पनी का नाम टुलिप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड जयपुर में 2008 के नाम से खोला गया था। टुलिप ग्लोबल प्रयवेट लिमिटेड कम्पनी अजमेर, दुर्ग, इंदौर , हरियाणा, भोपाल, जयपुर एवं अन्य जगहों पर अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। आरोपी प्रकाश चंद जैन पिता जमुना लाल जैन पता जयपुर के बनाए गए कंपनी को राजस्थान सरकार द्वारा बैन कर दिया था।

### चिटफंड के इस मामले में अब तक ये आरोपी पहले पकड़े जा चुके

पुलिस ने बताया कि प्रभुदयाल उजाला उम्र 49 वर्ष उजाला भवन स्टेशन रोड दुर्ग, मनोज सोनी उम्र 45 वर्ष शास्त्री मार्केट शॉप नं. 91 ए भिलाई, सुरेश सोनी उम्र 45 वर्ष कैम्प 02 को गिरफ्तार किया चुका है। पूर्व में न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। डायरेक्टर प्रकाश चंद जैन वर्तमान मे थाना एसटीएफ के अपराध मे भोपाल जेल मे निरूद्ध था। पूछताछ के लिए छावनी मे दो दिन पर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## टाउनशिप में मूसलाधार बारिश से क्वार्टरों में फिर भरा पानी

**भिलाई।** मंगलवार को शहर में हुई मूसलाधार वर्षा ने एक बार फिर टाउनशिपवासियों को मुसीबत में डाल दिया।



सुबह 10.30 बजे से सवा बारह बजे तक हुई लगातार बारिश से पूरा सेक्टरी इलाका पानी पानी हो गया। जलभराव की समस्या से आने जाने वालों और रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सड़कों और पब्लिक प्लेस के आसपास और आवासीय ब्लाकों के सामने और पीछे परिसर में पानी भर जाने से कई क्वार्टरों में पानी भर गया। सेक्टर 6,7 सेक्टर 4 और सेक्टर 8 आदि के पचासों आवासों में पानी की समस्या से लोग जूझते रहे। रहवासियों ने बताया कि ब्लाकों के पीछे बेकलेन सफाई नहीं होने से पीछे परिसर में पानी भर जाने से चेंबर में ओवरफ्लो होने लगा। पानी निकासी बंद हो जाने से कई क्वार्टरों के कमरों, रसोई, टायलेट व बैठक में आधा फीट पानी भर गया। पिछले हफ्ते तीन दिनों तक हुई बारिश से भी ऐसी ही जलभराव की समस्या पैदा हुई थी। इसके बाद भी बीएसपी ने बेकलेन सफाई की न ही जर्जर आवासों की मरम्मत की।

## रिसाली के 4 वार्ड में टैक्स वसूलना था 2.06 करोड़, हो रही थी 1.63 करोड़ की वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र में इन दिनों कर पुनर्निधारण के लिए सर्वे हो रहा है। इस दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। चार वार्डों में 43 लाख रुपए के कर की बढ़ोत्तरी हुई है। सर्वे के दौरान पता चला कि करदाताओं द्वारा 1.63 करोड़ रुपए टैक्स के रूप में जमा किया जा रहा है। जबकि टैक्स का वसूली 2.06 करोड़ रुपए होनी चाहिए। आयुक्त मोनिका वर्मा के निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई। उन्होंने पुनर्निधारण कार्य करने वाली टीम से इस बारे में जानकारी ली। व्यावसायिक और आवासीय गणना की जांच की। खास बात यह है कि अब तक 4 वार्डों के पुनर्निधारण के बाद राजस्व लक्ष्य में 43 लाख की बढ़ोत्तरी हुई है। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर निगम क्षेत्र के आवासीय और व्यवसायिक भवनों का संपत्तीकर का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है। वार्ड 28 शक्ति विहार रिसाली क्षेत्र स्थित सिन्हा टाइपिंग गली में चल रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने न केवल गणना फार्म की सूक्ष्मता से जांच की, बल्कि आवास और दुकानों की नाप को ध्यान से देखा। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अगर भवन किराए में संचालित है तो स्पष्ट रूप से गणना फार्म में व्यवसायिक उपयोग उल्लेख करें।

■ कर पुनर्निर्धारण सर्वे : निगम आयुक्त मोनिका के निर्देश पर कराए जा रहे सर्वे में खुलासा

संपत्तिकर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड 22 मैत्रीकुंज, वार्ड 23 प्रगतिनगर, वार्ड 24 आजाद मार्केट व 25 आशीष नगर में संपत्तिकर निर्धारण का कार्य पूर्ण हो चुका है। चारों वार्ड में 43 लाख की राशि बढ़ी है। पूर्व में इन वार्डों में कर की रशि 1 करोड़ 63 लाख थी, जो बढ़ गई है। निगम की टीम लगातार सर्वे कर रही है। सर्वे के दौरान कई जगहों पर कम कर निर्धारण की जानकारी मिल रही है। इसके हिसाब से कर का निर्धारण किया जा रहा है।

### 31 तक टैक्स जमा करने पर मिलेगी 5 प्रतिशत छूट

आयुक्त मोनिका वर्मा ने जानकारी दी कि रिसाली निगम क्षेत्र में करदाता यदि 31 जुलाई तक टैक्स जमा करते हैं तो उन्हें 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 1 अगस्त के बात 30 सितम्बर तक टैक्स जमा करने पर 4 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके बाद अक्टूबर माह में जमा करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### निर्माण में भ्रष्टाचार और जनता के पैसों का दुरुपयोग का मामला, धरने पर पार्षद

# पार्षदों की मांग पर निगम कमिश्नर ने बनाई जांच टीम, रिपोर्ट हफ्ते भर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत जोन 1 कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे निर्दलीय पार्षदों का धरना दूसरे दिन समाप्त हो गया। उनकी मांग को देखते हुए भिलाई निगम के प्रभारी आयुक्त भागीरथी वर्मा ने एक जांच टीम बनाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट उन्हें देगी। जांच में गलत पाए जाने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

भिलाई नगर निगम के पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि वो भिलाई नगर निगम द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाले पुराने पोल को उखाड़कर घटिया क्वालिटी के नए पोल लगाए जा रहे हैं। उसमें केवल महापौर और विधायक का फोटो लगाकर उन्हें खुश करने का काम किया जा रहा है। पुराने पोल निकालने से पहले उनका भौतिक सत्यापन भी नहीं किया गया। इसके साथ ही भेलवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद भी उसका टेंडर नहीं लगाया जा रहा है। नेशनल हाइवे के किनारे सुपेला क्षेत्र में जो नाली बनाई जा रही है, उसमें भी भ्रष्टाचार हो रहा है। नाली का ना तो सही बेस तैयार किया गया ना लेवलिंग की गई और न मानक के मुताबिक लोहे का रॉड लगाया गया है। धरने में दूसरे दिन वार्ड 2 की पार्षद चंदेश्वरी बांधे, वार्ड 6 पार्षद रवि शंकर कुर्रे, वार्ड 9 पार्षद पति राजू साहू और वार्ड 51 के पार्षद पति जितेंद्र बंजारे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।







### अधीक्षण अभियंता की निगरानी में जांच करेगी टीम

धरने पर बैठे पार्षदों को मनाने के लिए प्रभारी निगम आयुक्त भागीरथी वर्मा और जोन 1 के आयुक्त अजय राजपूत मंगलवार को पहुंचे। आयुक्त ने कहा कि वो निगम के अधीक्षण अभियंता की निगरानी एक जांच टीम तैयार करवाएंगे। दो दिन के अंदर टीम गठित हो जाएगी। इसके बाद टीम एक सप्ताह में तीनों मामले की जांच करके रिपोर्ट निगम आयुक्त को सौंपेगी। इस आश्वासन के बाद सभी पार्षदों ने अपना धरना समाप्त किया।

## खबर संक्षेप



### गणेश मंदिर रिसाली में प्राण प्रतिष्ठा, पहुंचे विधायक

दुर्ग। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती कुंज रिसाली में आयोजित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भगवान गणेश मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर नमन किया गया। चंद्राकर ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के जनकल्याण, सुख-समृद्धि और सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, संध्या साहू, शैलेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### कृषि विभाग की बैठक में हरी खाद के उपयोग पर जोर



दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान कृषि एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों की सर्किट हाउस में बैठक ली। बैठक में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी सम्मिलित हुए। बीज खाद की उपलब्धता, विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं से कृषकों को अधिकाधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिये गए। हरि खाद के उपयोग पर जोर दिया गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि कृषकों को डीएपी खाद के उपयोग कम करने के साथ ही नैनों डीएपी अथवा यूरिया, सुपरफास्फेट, पोटाश एवं अन्य उपलब्ध मिश्रित उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह दी जाए। श्री चंद्रवंशी के सर्किट हाउस पहुंचने पर विभागीय अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल, जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल, बीज निगम के अधिकारी एसके बेहरा, सहकारी बैंक के अधिकारी हृदेश शर्मा, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### विकास कार्यों की स्वीकृति महापौर ने जताया आभार

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने शहर के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ मंत्री श्री साव के निवास पर सौजन्य भेंट कर नगर के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर ने कहा कि मंत्री श्री साव द्वारा दिए गए सहयोग से शहर के अधूरे कार्यों को गति मिलेगी और आम नागरिकों को शीघ्र सुविधाएं प्राप्त होंगी।

**अभियान : जिला स्तरीय पौधारोपण अभियान में निभाई अहम भूमिका**

# व्यापारी संघ ने रोपे 400 पौधा, सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

एकता व्यापारी संघ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 400 पौधा का रोपण किया है और अब इन पेड़ों के संरक्षण का जिम्मा भी उठाया है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इस अभियान में जिला बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा पुरे जिला में 20जुलाई को दो लाख पौधा रोपण का लक्ष्य रखा जिसके तहत डोंडी के प्रमुख व्यापारीयों का संघ एकता व्यापारी संघ अध्यक्ष ओम गोलछा की मांग पर नगर पंचायत क्षेत्र में अनुपयोगी पड़ी जमीन पर 400 पेड़ लगा कर तार फेंसिंग कर संरक्षण की जिम्मेदारी लेने के पहल से प्रशासन द्वारा उक्त भूमि मुहैया करा कर इस अभियान की और कदम बढ़ा लिया।

उक्त अभियान में पुरे 400 पौधा रोपण करने के बाद स्थल का तार फेंसिंग कार्य करा कर उन पौधो के देख रेख के लिए प्रतिदिन एकता व्यापारी संघ के सदस्य सुबह 6 बजे से 7 बजे का समय चुन अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है जिसमे सुबह सीईओ डी डी मंडले, रेड क्रास सोसायटी के संजय बंजारे, शिक्षक सी एल हिरवानी,इशू साहू सहित एकता व्यापारी संघ के सदस्य शामिल होकर सेवा दे रहे है। संघ के अध्यक्ष ओम गोलछा ने बताया की अभियान के मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षणः पेड़ लगाकर वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना।माँ के प्रति सम्मानः माताओं के प्रति श्रद्धा और समर्पण भाव दर्शाना सामुदायिक भागीदारीः लोगों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना.मुख्य हैं।





### अभियान की प्रगति

संजय बंजारे ने कहा की जिला कलेक्टर के आह्वान पर.एकता व्यापारी संघ की इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी बल्कि समाज में मातृ सम्मान की भावना भी बढ़ेगी। एक पेड़ मां के नाम' अभियान में विभिन्न संस्थाओं ने पर्यावरण संरक्षण हेतु सक्रिय भागीदारी निभाई है, जिसमें एकता व्यापारी संघ ने 400 पेड़ लगाने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली है। सीईओ डी डी मंडले ने बताया की प्रधानमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस 2024 पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य माताओं को सम्मान देते हुए वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसमें सरकारी विभाग, न्यायपालिका, व्यापारी संघ, शिक्षा संस्थान, और नागरिक सहभागिता शामिल है। अभियान का लक्ष्य पेड़ों का संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ाना है एकता व्यापारी संघ की भूमिका एकता व्यापारी संघ ने इस अभियान के तहत 400 पेड़ लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी ली है, जो पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह संघ अपने सदस्यों एवं स्थानीय समुदाय को जागरूक कर वृक्षारोपण कार्यों को गति देने में लगे हुए हैं। ऐसे प्रयास न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिए भी लाभकारी हैं। जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने कहा की अभियान में अन्य प्रमुख भागीदार में पौधारोपण किया, जिससे अभियान को नई ऊर्जा मिली संरक्षण एवं जागरूकता अभियान सिर्फ पेड़ लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पेड़ों की सुरक्षा और देखभाल की भी जोरदार पहल है। सभी सहभागी संगठनों को पौधों की मुरम्मत, जल प्रबंधन और पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती के लिए जिम्मेदार बनाया गया है। इससे वृक्षारोपण स्थायी और प्रभावपूर्ण बनता है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एक समर्पित और व्यापक पहल है, जिसमें एकता व्यापारी संघ सहित विभिन्न समुदाय और सरकारी संस्थाएं सक्रिय रूप से पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यरत हैं। एकता व्यापारी संघ द्वारा 400 पेड़ लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी उठाना इस अभियान की सफलता में एक महत्वपूर्ण कदम है।संघ के प्रमुख कमलेश गुणधर, राजेन्द्र नाहर, संतोष ढेलड़िया, सुरेश बाघमार, साबी फिलिप, लाल चंद जैन, आशीष बुरड़, रुपेश ढेलड़िया सहित सभी सदस्य इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए है।

### सेम्हरडीहस्कूल में किया गया पौधा रोपण



डौंडीलोहारा। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम पंचायत सेम्हरडीह में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला सेम्हरडीह के छात्रों के साथ शाला प्रबंधन समिति ने भी शाला प्रांगण में पौधारोपण किया व आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 व 2 के कार्यकर्ता तथा सहायिका ने भी गांव के तालाब के किनारे छायादार पौधा का रोपण किया। साथ ही ग्रामीणों ने भी अपने अपने चयनित स्थानों में एक एक पौधे अपने घर के आंगन तथा खेतों व बाड़ी में वृक्षारोपण करते हुए सुरक्षा का संकल्प लिया। वरिष्ठ जनों ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी, इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना व छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है, समारोह में सभी छात्रों ने अपनी मां के नाम पर एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया, बताया गया कि अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।इस पौधारोपण के साक्ष्य बने गणमान्य नागरिक, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, आनंदराम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, डॉ दाऊलाल निषाद, रेशमा गोयल, नंद कुमार, फत्तेलाल, बसंत मानकर, देवप्रसाद प्रीतम, पूर्णिमा निषाद, शांति निर्मलकर, सेवती बाई, तीरथ बाई, तारा बाई, सोमा बाई भुआर्य, कान्ति प्रीतम, कलिन्द्री बाई सहित ग्रामवासी व स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### कलंगपुर में किया गया पौधारोपण



बालोद/कलंगपुर। गुण्डरदेही मुख्यालय के ग्राम पंचायत कलंगपुर में पर्यावरण संरक्षण, भूमिगत जल स्तर को बनाये रखने एवं आक्सीजन की उपलब्धता में वृद्धि के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन पर सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के अंतर्गत गौठान, पंचायत क्षेत्र, बस स्टैंड व पुरैना तालाब पार में 301 पौधा रोपित किया गया। जिसमें फलदार, छायादार, पुष्पदार एवम प्राकृतिक आलौकिक छटा बिखेरने वाली वृक्षों को पौधारोपण महाभियान में शामिल किया गया। इस महाअभियान को सफल बनाने में उपसरपंच, समस्त पंचगण, समस्त बिहान समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्तागण, गणमान्य नागरिकगण, गायत्री प्रज्ञा समूह सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष भागीदारी रहा। ग्राम पंचायत कलंगपुर क्षेत्र के जनपद सदस्य वंदना राजेंद्र हिरवानी एवं शाला प्रबंधन समिति शासकीय उच्च माध्य विद्यालय अध्यक्ष विकाश जैन का पौधारोपण में विशेष सहयोग रहा। पूर्व सरपंच व वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि गोविन्द सिन्हा ने बताया कि दो वर्ष पूर्व भी सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा के नेतृत्व में महापौधारोपण के तहत 401 लगाया गया था जो आज वृक्ष के रूप में सबको छाया प्रदान कर रही है। इसनम प्रकार पौधारोपण के तहत गांव की हरियाली देखते ही बनता है। पौधारोपण के महाअभियान में जनपद सदस्य वंदना राजेन्द्र हिरवानी, सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा, पूर्व सरपंच गोविन्द सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकाश जैन, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष सुमन कुल्हारे, पूर्व उपसरपंच राजेन्द्र जैन ने अपना बहुमूल्य समय प्रदान करके सफल बनाया।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर उपसरपंच भुनेश्वरी कुल्हारे, ग्रामीण अध्यक्ष कुशल साहू, वरिष्ठ सुकदेव देवांगन, पंचगण दुष्यंत कुमार साहू, जोहन साहू, कीर्ति साहू, बिसन मारकंडे, रामकुमार मारकंडे, लीलाधर सिन्हा, ललिता पारधी, खेमिन ठाकुर, योगेश्वर ठाकुर, केके कटेन्द्र, सुशीला साहू, प्रीति साहू, अमृता सिन्हा, शशि साहू, द्वारिका सिन्हा, बसन्त ठाकुर, खेदारु साहू, जितेंद्र जैन, हर्षा साहू, तारादेवी सिन्हा, आशोबाई ठाकुर, संतोष सिन्हा, तीजेश धनकर, प्रदीप निषाद, पप्पू मारकंडे, खोमेंद्र सिन्हा, ग्रामीण सहसचिव डिलेश्वर साहू, नेतराम सिन्हा, संतोषी सिन्हा, दुलारी बाई ठाकुर, लिखन पारधी, दिव्या साहू, दुलीचंद शर्मा, नूतन साहू, टुकेश्वरी साहू, हेमलता सिन्हा, गीता साहू, बसन्ती सिन्हा, नीलम साहू, मणि देवांगन, केशव वैष्णव, नारधे साहू, तोरण सिन्हा, जितेंद्र साहू, मिलन सिन्हा, चंद्रेश जैन, गजाधर नेताम, गजेंद्र सिन्हा, लेखराम सिन्हा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### किल्लेकोडा में पौधा लगाकर उसकी रक्षा करने का लिया संकल्प

डौंडीलोहारा। वनांचल क्षेत्र में स्थित किल्लेकोडा में शासन द्वारा निर्धारित मां के नाम एक पेड़ कार्यक्रम के तहत ग्राम किल्लेकोडा के पंचायत के समक्ष वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने एक-एक पौधे मां को समर्पित करते हुए लगाए तथा पौधे के बढ़ने तक उसकी रक्षा करने का वचन लिया। कई सदस्यों ने गोद भी लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्रेष्ठ निर्भय भंडारी जनपद सदस्य, हेमलता विश्वकर्मा सरपंच, चंद्रशेखर उपसरपंच ,रावेंद्र मंडावी सचिव, होरीलाल सिन्हा पंच, कोमल राम गांवरे, किशोर कुमार राणा, गोदावरी बाई भंडारी, किरण कोलियारा, दीपक बाई भुआर्य, नागरिकगण छगन धनकर, पुरुषोत्तम मसिया, ईश्वरी कोकिला, संतोषी तारम, रामलाल गांवरे,भागो सिहारे, भुनारु सिहारे, नरेंद्र विश्वकर्मा आदि बड़े संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी डॉ बी. एल. साहसी ने दी।

### महिला व बाल विकास विभाग ने 14,018 पौधे का किया रोपण



बालोद। महिला एवं बाल विकास विभाग के विभिन्न कार्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में रोपे गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौध रोपण किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन पर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय, परियोजना कार्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों व कुपोषित बच्चों के घरों में वृहद स्तर पर' एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कुल 14,018 विभिन्न किस्म के पौधे का रोपण किया गया। उक्त अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत रोपित पौधो का संरक्षण देखरेख करने हेतु संकल्प लिया गया। इसके साथ ही विकासखण्ड स्तरों एवं ग्राम पंचायत स्तरो पर जनप्रतिनिधियों व जनसमुदाय की सहभागिता से पौधों का रोपण किया गया।

### 1 लाख 74 हजार पौधों का रोपण किया गया



बालोद। जिले मे चलाए गए एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद स्तर पर रोपे गए पौधे को देखते हुए जिला पहुंचे दुर्ग संभाग के संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपा। उन्होंने अपनी मां श्याम बाई राठौर के नाम पर पौधरोपण किया और संबंधितों को पौधे की देखभाल करने एवं सुरक्षा की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संभाग आयुक्त को बताया कि जिले में विगत 20 जुलाई को सभी वर्गों की सहभागिता से 01 लाख 74 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया है।

# विद्यार्थियों ने किया रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग में जल संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों के मन में भाव जागृत करने एवं सामाजिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा वर्षा जल संचयन अर्थात रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर केन्द्रित बड़ी संख्या में वर्किंग एवं स्थैतिक मॉडल तैयार किए गए। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि वर्षा जल संचयन प्रणाली को आम जनता तक पहुंचाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा ये मॉडल तैयार किए गए है। इन मॉडल को समय समय पर दुर्ग-भिलाई के विद्यालयों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रदान किया जायेगा। जिससे वे अपने-अपने शैक्षणिक संस्थानों में वर्षा जल संचयन के बारे में सभी को जागरूक कर सके।

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : सामाजिक सरोकार योजना**



भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल निर्माण के दौरान विद्यार्थियों उसके प्रणाली तथा उसकी कार्यविधि एवं उससे संबंधित सावधानियों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर केन्द्रित प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी विभाग में जमा की। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार की भावना जागृत करने एवं उनके कौशल विकास से संबंधित मुद्दे के क्रियान्वयन के लिए यह गतिविधि आयोजित की गई।

#### 65% जल व्यर्थ बह जाता है

शोध के अनुसार वर्षा का जल 65 प्रतिशत हिस्सा सतह पर बहकर नदी, नालों द्वारा समुद्र में चला जाता है। इससे किसी भी स्थान पर भूमिगत जलस्तर में वृद्धि नहीं हो पाती यही कारण है, कि वर्षा के जल को रोककर उसे वर्षा जल संचयन प्रणाली की सहायता से भूमिगत जल भण्डारण में वृध्दि करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ में धान के खेत वर्षा के जल संचयन हेतु सबसे उत्तम साधन है।

# अस्पताल में बंद पड़ी लैंडलाइन सेवा फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अस्पताल में ठप पड़ी आपातकालीन टेलीफोन नंबर की सेवा फिर शुरू हो गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर आपातकालीन वार्ड 0788-2320104 और डिलीवरी वार्ड में 0788-2211980 नंबर जारी किया गया है। तीन दिन पहले पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला ता। उन्हें 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया था। बाकलीवाल ने उन्हें अवगत कराया था कि जिला अस्पताल में सुविधाओं से मरीजों और उनके परिजनों को वंचित होना पड़ रहा है।



**व्यवस्था दुरुस्त करने कलेक्टर ने दिया आश्वासन**

ज्ञापन सौंपने के दौरान जीवनदीप समिति के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य दुष्यंत देवांगन ने जिलाधीश का ध्यान अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर भी आकर्षित कराया। इसके बाद कलेक्टर ने सीएमएचओ और सीएस को व्यवस्था सुधार के लिए निर्देशित कियाा है। इस जनहितैषी कदम के लिए कांग्रेस के सभी सदस्यों ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

**उपलब्धि : रिसामा में बिहान योजना से जुड़ महिला बनीं सशक्त, दूसरों को भी रोजगाार से जोड़ा**

# पीएम आवास में सेंट्रिंग प्लेट उपलब्ध कराकर लखपति बनी खेमीन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ब्लॉक के ग्राम रिसामा निवासी खेमीन पति हेमंत निर्मलकर दूसरी महिलाओं के लिए मिसाल बन गई है। उसने सेंट्रिंग प्लेट का काम शुरू किया और आज वह लाखों रुपए कमा रही है। वह खुद से आर्थिक रूप से मजबूत बनी, वहीं दूसरी महिलाओं को भी रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। वर्तमान में ग्रामीण प्रधानमंत्री योजना आवास के अंतर्गत सेंट्रिंग प्लेट की सप्लाई कर रही है। छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित कल्याणी स्व सहायता समूह की सचिव है। वे स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक मिसाल बनकर उभरी हैं। खेमीन निर्मलकर बताती हैं कि ग्राम में मजदूरी का कार्य करती थी। उनके पति मिस्त्री के रूप में काम करते थे, जिससे उन्हें 8 हजार रुपए मासिक आमदानी होती थी। अपने पति से समूह के माध्यम से ऋण लेकर नया व्यवसाय करने और अपनी आमदानी को बढ़ाने की योजना बनाई। इसके लिए समूह के माध्यम से 2.50 लाख रुपये बैंक लोन एवं 1 लाख रुपए स्वयं का लगाकर 2000 वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट खरीदा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही स्वयं की आमदानी से 1 हजार वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट और खरीदा। इससे वह अब तक 150 से ज्यादा आवासों में काम पर लगा चुकी हैं। लाखों रुपए की आमदनी अर्जित कर चुकी हैं।

- **सेंट्रिंग के कारोबार में कमा रही लाखों**

#### एक साल में साढ़े 3 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हो चुकी

खेमीन बताती हैं कि 1000 वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट लगाए जाने पर 27000 रुपए की आमदनी प्राप्त होती है। इसमें से मजदूरी, ट्रांसपोर्टिंग, रखरखाव इत्यादि में कुल 15000 रुपए व्यय होता है। 12000 रुपये की शुद्ध आय प्राप्त होती है। इसी प्रकार 3000 वर्गफीट की सेंट्रिंग प्लेट लगाए जाने पर कुल 36000 रुपये की शुद्ध आय होती है। दो माह जुलाई व अगस्त में कार्य प्रभावित रहता है। इस प्रकार कुल 10 माह में निरंतर आमदनी प्राप्त होती रहती है। इससे वार्षिक आय लगभग 360000 रुपए हैं।




#### आसपास के गांव में हर काम में उसके सेंट्रिंग की डिमांड

खेमीन ने बताया कि दुर्ग के ग्राम चंदखुरी, उतई, घुघसीडीह, रिसामा, मचांदूर, कुकरैल, अण्डा, चिरपोटी के साथ-साथ आसपास के अन्य ग्रामों में एवं जिला बालोद के ओटेबंद, सुखरी, पागरी के आस-पास के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास व निजी निर्माण कार्यो के लिए सेंट्रींग उपलब्ध कराया जा रहा है। उसका लक्ष्य है कि और 5 हजार वर्गफीट से ज्यादा की सेंट्रिंग खरीदे। इसके लिए उसके द्वारा प्रयास किया जा रहा है। वह अन्य महिलाओं को भी इस कार्य के लिए प्रेरित कर रही है।

**बिजनेस साइड**

### सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग में द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल का लें आनंद



दुर्ग। सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में 11 जुलाई से शुरू हुए 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में गोल्ड चेन की अद्भुत कलेक्शन ग्राहकों के लिए पेश किया गया है। 27 जुलाई तक चलने वाले इस 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी आभूषणों के मेकिंग चार्जेज 5.5% शुरू हैं इसके साथ ही गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर 100% एक्सचेंज के साथ डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सहेली ज्वेलर्स के तीनों शो रूम में ट्रेडिशनल और मॉडर्न डिजाइन के हैवी और लाइट वेट ज्वेलरी सोने, हीरे, चांदी सहित कुंदन, पोलकी, डायमंड, जड़ाउ, टेम्पल ज्वेलरी के मनमोहक और लेटेस्ट डिजाइन के आभूषणों के साथ शो रूम में चेन और मंगलसूत्र के आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइन के साथ ही बैंगल्स, ब्रेसलेट, रिंग्स, नेकलेस आदि का संग्रह उपलब्ध है। इसके साथ ही 100 प्रतिशत आईजीआई प्रमाणित डायमंड, गोल्ड की शुद्धता को मापने के लिए कैरोटोमीटर की सुविधा ग्राहकों को दी जाती है। 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी प्रकार के पारंपरित और डिजाइनर चेन की खरीदारी के लिए सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में विजिट किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### लोन का पैसा जमा नहीं करने पर प्रताड़ना युवक ने खाया जहर

**भिलाई।** एक युवक ने जहर सेवन कर मौत को गले गलाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। फिलहाल युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां खतरे से बाहर होना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक जामुल निवासी नीतेश सिंह दुर्ग मंडी में जहर सेवन कर लिया था। लोगों ने उसे उपचार के लिए तुरंत शंकराचार्य अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। उसके पास से एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें बताया गया है कि अपने दोस्त रोहित लहरे के साथ वाहन फायनेंस कराया था। बिजनेस करने के लिए लेकिन दोस्त ने उसकी वाहन को अन्य युवक को दिया था। गीदम पुलिस ने नीतेश को कॉल कर बताया कि उसकी वाहन में एक महिला का अपहरण किया गया है। इसके अलावा जिस बैंक से वाहन को फाइनेंस कराया गया था। बैंक प्रबंधन भी लगातार नीतेश को कॉल कर रहे थे। इससे परेशान होकर नीतेश ने जहर सेवन कर लिया लेकिन अभी खतरे से बाहर है। परिजनो के मुताबिक बेटे लगातार परेशान था इसके बारे में पूछने के बाद भी नहीं बता रहा था लेकिन मंगलवार को लोगों ने कॉल कर बताया कि नीतेश ने अस्पताल में दाखिल है। अस्पताल पहुंचने के बाद सारा जानकारी पता चल पाया। उसका कोई दोस्त रोहित लहरे ने बेटे को दबाव बनाकर वाहन को फाइनेंस कराया था।

### युवती से की छेड़खानी एसएसपी ने आरक्षक को किया बर्खास्त

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने नंदिनी थाने में पदस्थ मानिकचंद धनुरकर को बर्खास्त कर दिया है। 14 जुलाई को आरक्षक की न्यायालय में पेश करने की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान आरक्षक मानिकचंद धनुरकर ने नागरिक कल्याण कालेज नंदिनी के ग्राउंड में टहल रही युवती को अपनी पुलिस वाली आईडी दिखाकर छेड़खानी, कर गाली गलौज किया। इस दौरान जान से मारने तक की आरक्षक ने धमकी दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरक्षक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा। आरक्षक ने बिना सक्षम अनुमति के कर्तव्य स्थल से बाहर जाकर अशोभनीय कृत्य व पुलिस विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र का दुरपयोग करते हुए एमपी/छग पुलिस रेग्युच पैरा 64 सेवा की सामान्य शर्ते सिविल सेवा (आचरण)1965 नियम के विपरित कृत्य किया गया। इसके पूर्व भी आरक्षक मानिकचंद धनुरकर ने रेस्टोरेंट में घुसकर संचालक के भाई के साथ मारपीट किया था। इसके अलावा नंदिनी थाने में रहते हुए आरक्षक के भ्रष्ट आचरण के लिए निलंबन की कार्रवाई पहले की गई थी। आरक्षक के आचरण में कोई सुधरा नहीं आया बल्कि अनैतिक, अपराधि कृत्य लगातार शिकायत मिलने से पुलिस की छबि खराब हो रही थी। इस कारण आरक्षक को पुलिस विभाग के सेवा से ही बर्खास्त किया गया।

### हायर पेंशन के लिए सेफी ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**भिलाई।** ईपीएफओ द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के कुछ संयंत्र के कार्मिकों को ईपीएस- 95 हायर पेंशन से वंचित करने के बाद सेफी ने अब इंसाफ के लिए हाईकोर्ट बिलासपुर का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में ईपीएफओ द्वारा पेंशन के मुद्दे को जटिल बनाने का हवाला देते हुए सेल के कर्मियों व अधिकारियों तथा सेवानिवृत्तों को हायर पेंशन का लाभ जल्द दिलाने की गुहार की गई है। उल्लेखनीय है कि 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम के निर्णय के अनुरूप सेल की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत तथा सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं अधिकारियों को ईपीएस-95 के तहत मिलने वाले हायर पेंशन की पात्रता हासिल करने के लिए आज भी ईपीएफओ के विभिन्न राज्यों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




पर्व : मटिया, टिकरी, कुरदी और कमरौद से निकाली विशाल यात्रा

# कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

सावन के महीने में भोले बाबा के भक्त बाबा की भक्ती में मग्न है। जहां कई समितियों द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सम्मितिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्सुक रहते हैं। जहां बाबा के भक्त तेज बारिश के बीच भी भोले बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने पहुंचते है।

इसी के तहत तेज बारिश के बावजूद मटिया, टिकरी से कुरदी कमरौद की विशाल कांवड़ यात्रा में 1 लाख से अधिक शिवभक्त शामिल हुए, जिसमें बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने सामूहिक रूप से प्रदेश के खुशहाली की मनोकामना के साथ शिवजी की पूजा अर्चना में भाग लिए। कांवड़ में संगीत की धूम रही, संगीतकार छमता, सुहानी, हिमांशु, धर्मेश, दुर्गा सहित जतिन और टूकेश शर्मा ने मंच शमा बांधा, शिवजी की झांकी, नवदुर्गा के साथ भारतीय संस्कृति के आदिवासी आंगादेव नृत्य ने जनसमूह के बीच चर्चा का विषय रहा। यात्रा में 13 कार और 2 धुमाल की भागीदारी से जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। कांवड़ यात्रा में शिवभक्तों के अंन्नदान से लगभग 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। सावन के पवित्र माह मे अन्नदान की भूमिका सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अन्नप्रसादी कांवड़ यात्र की चर्चा का विषय रहा। कांवड़ यात्रा में महात्यागी रामबालक दास महराज ने कांवड़ की महत्ता बताते हुए धर्मान्तरण कराने वाली संस्थाओं पर जमकर हल्ला बोला। शिवभक्तों से भारतीय संस्कृति की संरक्षण पर संकल्प पारित कर सनातन रक्षा के लिए जनजागरण चलाने के बात कही। छत्तीसगढ़ के गौरव आचार्य युवराज पांडेय ने यात्र की शुरुआत मटिया में शिवजी का पूजा अर्चना कर प्रारम्भ किया। युवराज पांडेय का अर्जुदा नगर के साथ टिकरी और कुरदी में भव्य स्वागत हुआ। कमरौद में युवराज पांडेय के गीत संगीत के साथ माता सेवा गीत पर युवा जमकर थिरके।



## शिवभक्तों ने निकाली कावड़ यात्रा, महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक



**डोंडी।** सावन माह के दूसरे सोमवार को शिव भक्तों ने नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका, प्रीति जायसवाल, आशा जैन के तत्वावधान में कावड़ यात्रा निकाली। इस कावड़ यात्रा में नगर की महिलाओं, बच्चें कावड़ यात्री जल लेकर मुख्य मार्ग से बम बोल के जयकार के साथ 3 किमी आवारी नाला महादेव मंदिर पहुंचे। कावडियां महादेव मंदिर तक झूमते गाते हर-हर महादेव का जयघोष करते हुए चल रहे थे। यात्रा में महिला-पुरुष भजनों की धुन पर थिरकते नजर आ रहे थे। यात्रा आवारी शिव मंदिर पहुंची, जहां महिलाओं, बच्चों ने अभिषेक किया। डौंडी नगर में कांवड़ यात्रा निकाली गई। सावन के सोमवार में शिवालयों में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने पूजा अर्चना कर अभिषेक किया। इस अवसर पर महिलाएं भी इस कावड़ यात्रा में शामिल हुईं।

## तिरगा के किसानों को बांटा गया अरहर बीज, खाद उपलब्ध कराने मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम तिरगा में किसानों को अरहर बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्ता पूर्ण बीज उपलब्ध कराना और दलहन फसल को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू की विशेष उपस्थिति रही, जहां पर किसानों से संवाद करने पर पता चला की खाद की कमी से अभी भी किसानों को भटकना पड़ रहा है।

उन्होंने शासन प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द खाद की कमी पूरी की जाए। उन्होंने कहा की किसानों के लिए कई प्रकार की योजना सरकार द्वारा चलाई जाती है, लेकिन जानकारी के आभाव में इसका लाभ किसान नहीं उठा पाते। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से अपील की कि इन सब योजनाओं की जानकारी किसानों को समय रहते उपलब्ध कराएं, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर सरपंच घसियाराम देशमुख ग्राम पंचायत तिरगा, पूर्व सरपंच रमेश कुमार साहू ग्राम भोथली, कृषि विभाग से राजेश्वर बेहरा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, किसानों में ग्राम भोथली से देवीलाल साहू, कलीराम साहू, रमेश कुमार साहू, नुपेंद्र कुमार साहू, नागेश साहू, ढालसिंग साहू, ग्राम तिरगा से परस राम देशमुख, ओंकार, बुद्धेश्वर देशमुख, घसियाराम देशमुख, राजेंद्र, बिसौहराम दिल्लीवार, सत्यनारायण, नम्मूराम, दिलीप, श्रीराम, ग्राम झोला से बेनीराम देशलहरे एवं बड़ी संख्या में तिरगा, भोथली और झोला के किसान मौजूद रहे।

## आनंद पब्लिक स्कूल में समीर भंडारी बने हेड ब्वाय

**डौंडीलोहारा।** आनंद पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद का चुनाव हुआ। इसमें जूनियर हेड गर्ल आर्या लोढ़ा, जूनियर हेड ब्वाय मनल हरदेल, जूनियर स्पोर्ट्स सेक्रेट्री शशांक देशमुख, जूनियर कल्चरल सेक्रेट्री कुणाल साहू, जूनियर हेड गर्ल साक्षी साहू, जूनियर हेड ब्वाय दक्षांस देवांगन, सीनियर स्पोर्ट्स सेक्रेट्री आदित्य ठाकुर, सीनियर कल्चरल सेक्रेट्री धीरज जैन, सीनियर सेक्रेटरी सोमदेव ठाकुर, सीनियर हेड गर्ल प्राची जैन ,सीनियर हेड ब्वाय समीर भंडारी चुने गए। चुने गए विद्यार्थियों को अध्यक्ष ने अनुशासन व कर्तव्य निष्ठ होकर काम करने का प्रेरणा दी। इस अवसर पर सन्मति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, नोपचंद जैन, रवि जैन, प्रभा जैन, प्रबंधक हीरा राखेचा, प्राचार्य साईनी मैथ्यूज, प्रधानपाठिका नोम साहू उपस्थित थे।





## प्रशिक्षणार्थियों का ऑन द जॉब प्रशिक्षण हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्था डौण्डीलोहारा के 148 प्रशिक्षणार्थियों को निको माईनिंग कंपनी प्रायवेट लिमिटेड द्वारा 'ऑन द जॉब प्रशिक्षण दिया गया। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्था डौण्डीलोहारा के प्राचार्य ने बताया कि संस्था के अंतिम वर्ष के व्यवसाय फिटर, विद्युतकार तथा वेल्डर के 148 प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों का 'ऑन द जॉब' प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिसका सम्मान समारोह का आयोजन निको माईनिंग कम्पनी स्थित सभागार कक्ष में किया गया।

इस दौरान शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्था के प्राचार्य आरके. कुर्रे के द्वारा मुख्य अतिथि निको माईनिंग कम्पनी के जनरल मैनेजर ललित दरवलकर तथा 'ऑन द जॉब' प्रशिक्षण में योगदान देने वाले प्रशिक्षकों कोपेन्द्र साहू, खिलेन्द्र देवांगन, शैलेन्द्र दुबे, आदत्यि सिंह, द्वारिका साहू, शाशिकांत चौरसिया अफ्रोज खान, सूरज साहू, विग्नेश कुमार, सूर्यकांत वर्मा और युवराज ठाकरे को आभार पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने अधिबोधन में प्रशिक्षणार्थियों को 'ऑन द जॉब' प्रशिक्षण का गहत्व, कार्यकुशलता, अनुशासन तथा व्यवहारिक ज्ञान से लाभ का उल्लेख करते हुए प्रशिक्षणार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधीक्षक शैलेस थामस, राजेन्द्र देवांगन, भूपेन्द्र चुरेन्द्र, पुषालाल साहू, अनिल कुमार साहू तथा ओमप्रकाशं देवांगन, प्रशिक्षण अधिकारी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण अधिकारी एल. के. सिंह द्वारा किया गया।

## बिदाई सम्मान समारोह में किया गया पौधा का रोपण



**डौण्डीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक शाला सहगांव में युक्ति युक्त करण के तहत शासकीय प्राथमिक शाला भेड़ी में पदांकित सहायक शिक्षक दीपा आमदो एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घीना में पदांकित उच्च वर्ग शिक्षक शरद कुमार मालेकर का बिदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि शरद कुमार मालेकर जी ने बच्चों को अपने माता-पिता व गुरुजनों का सम्मान कर उनके आदर्शों पर चलने का आशीर्वाद प्रदान किया तथा शिक्षकों को नैतिक शिक्षा व संस्कार देने का मार्गदर्शन दिया।

विशेष अतिथि दीपा आमदो ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने का आशीर्वाद दिए तथा इस विद्यालय व समिति के व्यवहार का बखान करते हुए उनका गला रूंध गया। दिलीप कुमार मेश्राम ने बच्चों को हमेशा अपने से बड़ों व गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना व शिष्टतापूर्वक व्यवहार करने की बात कही। प्रेमलाल निषाद ने बच्चों के जिज्ञासु रवैया को सम्मान करने की बात कही। गिरीश कुमार निर्मोही, गोविंद सिंह चुरेन्द्र, के .एल .चुरेन्द्र ने भी अपना अपना उद्गार व्यक्त करते हुए विदा ले रहे शिक्षक व शिक्षिका के उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई सम्मान समारोह को यादगार बनाने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम ' पौधा रोपण किया गया। मंच संचालन प्रधान पाठक विजय कुमार पटेल तथा शिक्षक होमलाल पटेल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर टीकम लोहमार,कृपाल सिंह पिस्दा, टिकेश्वरी ,यास्मीन, प्रीति चौहान, लोकेश्वरी ,भागवत ,दुलारी ,लीला व सुरेखा यामले उपस्थित थे।

## विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के लिए मध्यस्थता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के संयुक्त तत्वावधान में मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति (एमसीपीसी) के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा विशेष मध्यस्थता अभियान 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' अभियान के अंतर्गत जुलाई से 07 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय एसएल नवरत्न के मार्गदर्शन में, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भारती कुलदीप के द्वारा 14 जुलाई को एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना चिखलाकसा दल्लीराजहरा में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए' अभियान के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि मध्यस्थता अदालती कार्यवाही की तुलना में विवादों को जल्दी सुलझाने में मदद मिलती है। मध्यस्थता पक्षों को एक दूसरे के साथ बातचीत करके एक दूसरे की आवश्यकताओं को समझने एवं समाधान पर पहुंचाने में मदद होती है, जो दोनो पक्षों को लिये संतोषजनक होता है। मध्यस्थता एक प्रभावी, कुशल और फायदेमंद प्रकिया है जो दोनो पक्षों को अपने विवादों में सुलझाने और बेहतर संबंध बनाने में मदद मिलती है। कार्यशाला में पैरालीगल वालेंटियर खुर्सिद्ध सिद्धिक, कमलेश्वर साहू, गिरधारी लाल, मनीष कुमार, सत्यम कुमार एवं महिला बाल विकास के अधिकारी एवं मितानिन उपस्थित रहे।

### हरेली पर्व आज मनाया जाएगा

**लाटाबोड़।** आज परम्परिक त्यौहार हरेली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सुबह ग्रामीण ठाकुर देव की पूजा-अर्चना करेंगे। यदुवंशियों द्वारा मवेशियों को बीमारियों से बचाने के लिए पशुपालकों को जड़ी-बूटी का वितरण किया जाएगा। जिसे मवेशियों को खिलाया जाएगा। दोपहर में किसान अपने कृषि औजारों की साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना करेंगे। बच्चे व युवा पारंपरिक गेड़ी बनाकर इसका लुत्फ उठाएंगे। कई गांवों में गेड़ी दौड़ का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें लोग शामिल होंगे। घरों में पारंपरिक व्यंजन बनेंगे। शाम को किसान अपने खेतों में नारियल तोड़कर और चीला रोटी चढ़ाकर अच्छे उत्पादन की कामना करेंगे। अच्छी बारिश व खेती-किसानी कार्य होने के बाद क्षेत्र में हरेली पर्व को मनाने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस दिन गांवों में कामकाज बंद कर लोग त्यौहार मनाते है।

सीएमएचओ ने ली स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक

# स्वास्थ्य अमला मलेरिया, टीबी और महामारी के प्रति गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके ने ग्रामीण क्षेत्रें की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी–कर्मचारियों की बैठक ली।

जिसके अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मलेरिया, टीबी, अंधत्व निवारण, गैर संचारी रोग, कुष्ठ नियंत्रण, महामारी नियंत्रण सहित समस्त ऑनलाईन एण्ट्री की स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारी–कर्मचारियों को लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने और आधार आधारित उपस्थिति का शत प्रतिशत पंजीयन कराने के कड़े निर्देश दिये। इसके साथ ही आपसी समन्वय बनाकर बेहतर कार्य कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय के खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार चारका, नोडल अधिकारी जितेन्द्र सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, जिला सलाहकार डॉ. अरविन्द मिश्रा, जिला सलाहकार (एन.व्ही. बी.डी.सी.पी.) सुर्यकांत साहू सहित विकासखण्ड स्तर के सभी विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

